सार समाचार

विधानसभा अध्यक्ष ने आमजनों से की मुलाकात, सुनी समस्याएं

रीवा। विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने उलही कला ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके निराकरण के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया। विधानसभा अध्यक्ष का ग्रामीणजनों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री गौतम ने कहा कि शासन द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे लाडली लक्ष्मी, लाड़ली बहना व आयुष्मान योजना संचालित हो रही हैं जिनका लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाड़ली बहना योजना में जिन महिलाओं के खाता संचालन आदि में जो कठिनाई आ रही हो उसका कैंप लगाकर निराकरण करें तथा संबंधितों को राशि का भुगतान करायें। इस अवसर पर ग्रामीणजनों ने सड़क, हैण्डपंप खनन, तथा चबूतरा निर्माण आदि से संबंधित मांगों का ज्ञापन सौंपा जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने पूर्ण किये जाने का आश्वसन दिया। कार्यक्रम का संचालन मोहनलाल तिवारी ने किया। इस अवसर पर सीईओ जनपद प्रदीप दुबे, देवेन्द्र शुक्ला, सुरेन्द्र सिंह चंदेल, उदय प्रताप सिंह उर्फ मन्टू, मन्नूलाल गुप्ता, विधानसभा के जनसंपर्क सहायक पुष्पेन्द्र गौतम एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शंकर मंदिर का होगा जीर्णोद्धार, समिति का गठन

गाडरवारा। विगत दिवस विजय कॉलोनी स्थित शंकर मंदिर में श्रावण मास के अवसर पर जगत गुरू श्री स्वरूपानन्द जी का स्मरण कर पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर एक बैठक आयोजित कर मंदिर भवन का जीर्णोद्धार मरम्मत करने पर विचार किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने मंदिर व्यवस्था हेतु एक स्थाई समिति का निर्माण करने का निर्णय किया जो मंदिर से सम्बन्ध रखने वाले सभी कार्या के लिए अधिकृत होगी द्य इसी परिवेश में उपस्थित सदस्यों ने सम्मति से निर्णय लेकर अध्यक्ष के रूप में कृष्ण गोपाल स्वामी, उपाध्यक्ष उपेन्द्र दीक्षित, भुवनेश पचौरी, कोषाध्यक्ष चेतन खत्री, काशीराम सप्रे, सचिव संदीप कौरव को नियुक्त किया गया । उपस्थित शिक्षक मनमोहन शुरूला ने इस अवसर अपनी ओर से इस पुनीत कार्य हेतु 1 लाख, जितेन्द्र हेमवानी ने 51 हजार, संजय मिश्रा ने 21 हजार की राशि देने की घोषणा की।

सभी शालाएं समय पर खुले, अधिकारी सुनिश्चित करें: कमिश्नर

शहडोल । कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा ने शहडोल संभाग के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, जनजातीय कार्य विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देश दिये है कि शहडोल संभाग की सभी शालाएं समय पर खुले और सभी शालाओं में छात्र-छात्राओं को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिले यह सुनिष्चित करने के निर्देश दिये है। उक्त निर्देश कमिश्नर ने मंगलवार को षिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि शहडोल संभाग के सभी माध्यमिक एवं प्राथमिक शालाओं में छात्र-छात्राओं को गुणवत्तायुक्त मध्यान्ह निर्धारित मेनू के आधार पर मुहैया कराना सुनिश्चित किया जाए।

श्रमिकों व उनके आश्रितों को शासन की योजनाओं का लाभ सेवाभाव मानकर दिलाएं : तिवारी

मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष ने ली समीक्षा बैठक

रीवा

मध्यप्रदेश भवन निर्माण एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष श्री हेमंत तिवारी ने कहा है कि श्रमिकों व उनके आश्रितों को शासन की योजनाओं का लाभ सेवाभाव मानकर दिलायें। शासन द्वारा गरीब, शोषित व पीड़ित जनों के लिये जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक कल्याणकारी योजनाएं, संचालित की जा रही है।

जिनका पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलायें साथ ही उनके आश्रितों को इनका लाभ दिलाकर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि श्रम पदाधिकारी सभी अन्य विभागों के अधिकारी के साथ समन्वय बनाकर श्रमिकों के हित की योजनाओं का लाभ दिलायें। अध्यक्ष श्री तिवारी जिला पंचायत के सभागार में कर्मकार मंडल द्वारा निर्माण श्रमिकों के लिये संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मऊगंज विधायक श्री प्रदीप पटेल, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अध्यक्ष श्री तिवारी ने समीक्षा बैठक में मंडल द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा श्रमिकों और मजदूर वर्ग तथा उनके आश्रितों के लिये सामाजिक सुरक्षा, प्रसूति सहायता, विवाह सहायता सहित अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। भवन एवं संनिर्माण मंडल द्वारा अधिसूचित 49 श्रम योजनाओं से इन वर्ग के लोगों को लाभ दिया जा रहा है। इनमें 10 अन्य केटेगरी को भी शामिल किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अभी तक 16 लाख 79 हजार 704 निर्माण श्रमिकों का पंजीयन हो चुका है। इनके पंजीयन में स्वघोषणा पत्र ही पर्याप्त है। उन्होंने बताया कि श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा प्रोत्साहन योजनान्तर्गत इंजीनियरिंग, मेडिकल शिक्षा सहित देश से बाहर अध्ययन करने के लिये शुल्क का भुगतान शासन द्वारा किया जाता है अतः इनके अधिक से अधिक बच्चों की खोजकर इनका भविष्य सुधारने में मदद करें। भोपाल में 100 करोड़ की लागत से श्रमिकों के बच्चों के लिये कौशल उन्नयन केन्द्र की स्थापना की जा रही है।

बैठक में बताया गया कि रीवा जिले में 54 हजार 466 श्रमिक पंजीकृत है। नगर परिषद त्योंथर व मनगवां में न्युनतम पंजीयन होने पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा पंजीयन बढ़ाने के निर्देश दिये गये। बैठक में बताया गया कि जिले में प्रसूति सहायता योजना के तहत 7822 हितग्राहियों को 4 करोड़ 81 लाख 93 हजार 800 रूपये, विवाह सहायता अन्तर्गत 824 हितग्राहियों को 40 करोड़ 2 लाख 97 हजार रूपये तथा अन्त्येष्टि सहायता हेतु 510 हितग्राहियों को 30 लाख 30 हजार रूपये प्रदाय किये गये हैं। अन्त्येष्टि व अनुग्रह सहायता दुर्घटना मृत्यु में 57 हितग्राहियों को 2 करोड़ 28 लाख रूपये व आंशिक अपंगता के 2 हितग्राहियों को 3 लाख रूपये की सहायता उपलब्ध कराई गई।

बसपा ने राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नरसिंहपुर

बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई ने राष्ट्रपति महोदया भारत सरकार,, एवं राज्यपाल महोदय मध्य प्रदेश शासन ,,को एसडीएम माणिद कुमार सिह को ज्ञापन सौंपकर मांग किया है। मध्य प्रदेश के सीधी जिले के ग्राम करौंदी का रहने वाला आदिवासी युवक नाम दशमत रावत के ऊपर प्रवेश शुक्ला के द्वारा पेशाब करने का मामला सामने आया है।

प्रवेश शुक्ला भाजपा विधायक केदारनाथ शुक्ला के प्रतिनिधि हैं यह भाजपा का नेता है बसपा हमेशा शोषित, वंचित, समाज की आत्मसम्मान, गौरव ,मर्यादा की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहती है। बसपा ने मांग की है अपराधी को गिरफ्तार कर एनएसए, एब अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण ,के तहत प्रकरण दर्ज कर ,, आरोपी की संपत्ति को राज़ सात,, एव मकान पर बुलडोजर चलाने की उचित कार्रवाई की जावे। बसपा जिलाध्यक्ष गिरवर सिंह टेटवाल,, जिला प्रभारी लाल सिंह गौतम, जिला प्रभारी प्रेम नारायण जाटव, मोहित अहिरवार , मुकेश अहिरवार, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

नरसिंहपुर जिला प्रेस परिषद ने प्रभारी मंत्री से की मुलाकात

नरसिंहपुर। जिला प्रेस परिषद के गठन के बाद जिला प्रेस परिषद के अध्यक्ष दीपचंद जाटव ने पत्रकार साथियों के साथ जिले के प्रभारी मंत्री कुंवर विजय शाह से सौजन्य मुलाकात की..इस दौरान प्रभारी मंत्री विजय शाह ने जिला अध्यक्ष दीपचंद जाटव और सभी पदाधिकारियों को जिला परिषद के गठन पर शुभकामनाएं दी इस सौजन्य मुलाकात में राज्यसभा सांसद कैलास सोनी विधायक जालम सिंह पटैल बीजेपी जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा बीजेपी नेता गोविंद सिंह वीरेंद्र फ़ौजदार महंत प्रीतमपुरी मौजूद रहे वन मंत्री विजय शाह ने इस मौके पर परिषद के जिला अध्यक्ष दीपचंद को शाल श्रीफल देकर उन्हें जन्मदिन की बधाइयाँ भी दी। मंत्री विजय शाह ने मौजूद वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक श्रीवास्तव मकसूद खान सहित पत्रकार अंकित दुबे संदीप राजपूत शैलेन्द्र तिवारी सतीश दुबे निज़ाम खान इमरान खान से वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर भी ओपचारिक वार्तालाप किया और प्रेस परिषद की कार्यप्रणाली पर भी चर्चा की, साथ ही जिला प्रशासन एवं पत्रकारों के बीच की संवाद हीनता को कम करने हेतु भी प्रभारी मंत्री से प्रेस परिषद द्वारा चर्चा की गई।

वन महोत्सव 2023 का आयोजन

रीवा। वन मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि जुलाई माह में पूरे प्रदेश में वन महोत्सव 2023 का आयोजन किया जा रहा है। पौध-रोपण के प्रति जन-साधारण में जागरूकता लाने के लिए प्रतिवर्ष वन महोत्सव मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष नई पहल करते हुए 4 सांस्कृतिक वन बनाये जा रहे हैं। इसके लिए उज्जैन, भोपाल, सतना और छतरपुर जिले का चयन किया गया है।

मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में वनों के संवहनीय विकास के साथ वनवासियों को वनोपज पर आधारित रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसके लिए अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं। मंत्री डॉ. शाह ने इस हरियाली महोत्सव के अवसर पर प्रदेशवासियों से अपील की है कि वन विकास की योजनाओं में सक्रिय भागीदारी दें।

भाजपा कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी के साथ किए गए कृत्य का कांग्रेस ने पुलता दहन कर जताया

गाडरवारा

स्थानीय पुरानी गल्ला मंडी मे युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई द्वारा आदिवासी युवक पर लघु शंका करते भाजपा नेता का वीडियो वायरल आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदेश के शिवराज सिंह चौहान का पुतला जलाया गया।

युवा कांग्रेस एवं भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के नेताओं ने भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए कहा की आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार और विधायक प्रतिनिधि सीधी विधानसभा के भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला द्वारा आदिवासी समाज के व्यक्ति पर पेशाब किया गया इस गिरी हुई हरकत की कांग्रेस घोर निंदा करती है द्य युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक कौरव ने कहा कि सीधी में भाजपा नेता ने इतना घिनौना कृत्य किया है की हमें शब्दों में बयान करने में शर्म आ रही है आदिवासियों गरीबों पर हो रहे अत्याचार का हम पुरजोर विरोध करते हैं द्य एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आयुष अग्रवाल ने कहा कि भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा उजागर हो चुका है भाजपा अपने आपको आदिवासियों की हितेषी बताती है वही उसके नेता आदिवासियों पर अत्याचार कर रहे हैं , आदिवासियों पर अत्याचार कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी द्य कांग्रेस नेता रवि शेखर जायसवाल, अभिनय ढिमोले ने कहा कि सीधी में जो आदिवासी के साथ भाजपा नेता ने लघु शंका की घटना की है इस घटना ने पूरे प्रदेश को शर्मसार कर दिया है ऐसी घटना की हम सभी कांग्रेसजन घोर निंदा करते हैं द्य जिला पंचायत सदस्य मोना कौरव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अपने आप को आदिवासियों का हितैषी बताया जाता हैं उन्हीं की पार्टी के भाजपा नेता द्वारा आदिवासी के साथ जो घटना की है वह निंदनीय है इस प्रकार के कृत्य करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए ।

विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

सतना । अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय श्रीवास्तव के मुख्यातिथ्य में बुधवार को विनायक पब्लिक स्कूल में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बाल संवर्द्धन एवं संरक्षण तथा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाओं के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में सचिव एसके श्रीवास्तव द्वारा बच्चों को मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट विश्व दीपक तिवारी द्वारा पाक्सो अधिनियम, जेजे एक्ट, राइट टू एजुकेशन आदि कानूनों की जानकारी दी गई। इस मौके पर विधिक सहायता अधिकारी एम जीलानी, प्राचार्य आरएन त्रिपाठी तथा विद्यालय के अध्यापक तथा छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

भाजपा गाडरवारा मंडल एवं सांईखेड़ा का बूथ सम्मेलन संपन्न

गाडरवारा

विगत दिवस सुखदेव भवन में भाजपा गाडरवारा मंडल एंव सांईखेड़ा मंडल का बूथ सम्मेलन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजन किया गया।

जिसमें भारतीय जनता पार्टी गाडरवारा विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक विधानसभा के संयोजक राजीव राय भाजपा नेता न गौतम सिंह पटेल, नगरपालिका के अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ,जिला उपाध्यक्ष श्रीमति पूजा तिवारी हरिप्रताप ममार , जिला मंत्री एंव गाडरवारा नगर मंडल प्रभारी हरिशंकर कुशवाहा ,जिला मंत्री श्रीमती शिवा त्रिवेदी , जयप्रकाश वर्मा , साईखेड़ा नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति अग्रवाल , पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नवनीत चाचा , पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति ममता पांडे,, पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह , किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोर्हरकांत पटेल, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रियंक जैन गाडरवारा मंडल अध्यक्ष पियूष जैन, साईखेड़ा मंडल अध्यक्ष कीरत सिंह गुर्जर ,बुद्धि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष घनश्याम राजपूत ,व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गोविन्द अग्रवाल , पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया पार्टी के वरिष्ठ नेता अनूप जैन , राव उदय प्रताप कौरव , राजेश जैन संदीप पलोड़ , अशोक सराठे , लखन पटेल , श्रीमती बंसती पालीवाल ,सांसद प्रतिनिधि श्रीमती शिरोमणि चौधरी , जिला पंचायत सदस्य डा.श्री योगेश कौरव , श्रीमती सुषमा साहू, मनोज पटेल , पार्षद चंद्रकांत शर्मा ,सतीश कौरव कमलेश विश्वकर्मा ,सौरभ पटेल , मंगल जाटव , सोनू पटेल,अमृतांसू कोरी, अखिलेश राय , अरूण बड़कुर ,गोविन्द वर्मा ,सुल्तान कौरव , कंन्छेदी लाल जाटव संतोष गंगोतिया ,रोहित गुर्जर , विधानसभा के विस्तारक योगी जी और मंडलों के अल्पकालीन विस्तारक राजीव रंजन मंडलों में निवासरत जिले के पदाधिकारी गण मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी गण मंडलों के पदाधिकारी गण प्रत्येक बूथ अध्यक्ष महामंत्री बूथ समिति पन्ना प्रमुख समस्त श्रेष्ठ ज्येष्ठ कार्यकर्ता बंधु जिला पंचायत सदस्य गण, पार्षद गण, जनपद सदस्य पंच सरपंच सभी ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

महिला ड्रेस डिजाइनिंग प्रशिक्षण 10 जुलाई से

नरसिंहपुर। महिला ड्रेस डिजाइनिंग का आवासीय 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत कार्यालय के बाजू में सेंट आरसेटी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर में आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए साक्षात्कार 9 जुलाई 2023 तक लिया जायेगा। चयन होने के उपरांत प्रशिक्षण 10 जुलाई से प्रारंभ किया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरांत मुद्रा योजना के तहत हितग्राही के बैंक सेवा क्षेत्र के अनुसार स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण आवेदन बैंकों को भेजा जायेगा।

खास खबर शारीरिक स्वस्थ्यता के लिए अच्छे खान-पान के साथ मेहनत एवं खेल आवश्यक : कमिश्नर

फुटबॉल क्रांति को संभाग में जन-जन तक पहुंचाएं- राजीव शर्मा

शहडोल

समाज की निर्भरता सरकार पर होने से देश की तरक्की नहीं होती देश की तरक्की उत्पादन व्यापार कृषि उद्योग व सुरक्षा से होती है इनके सशक्त होने से देश आगे बढ़ता है और इसके लिए स्वस्थ नागरिक की आवश्यकता होती है। स्वस्थ नागरिक तब होते हैं जब वह अच्छा खाना खाए, अच्छी मेहनत करें, अच्छा ज्ञान प्राप्त करें तथा अच्छे खेलों में रुचि लें। इसी की कड़ी में खेल क्रांति भी है जिसे शहडोल संभाग में गति देकर जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उक्त विचार कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा ने आज आयुक्त कार्यालय में खेल विभाग शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सभी उक्त अधिकारी मिलकर साल भर का खेल कैलेंडर तैयार करें प्रति माह 10 खेल

मैदान सक्रिय करें और इन मैदानों में संभाग में प्रति माह 10 टूर्नामेंट आयोजित कराए जाएं। कमिश्नर ने कहा कि फुटबॉल क्रांति को बृहद स्वरूप देने समाज और गांव के सक्रिय लोगों की भी सहभागिता सुनिश्चित कराएं। फुटबॉल क्रांति को समाज के हाथों हस्तांतरित करें केवल शासन स्तर पर इस कार्य को सीमित न रखें। सभी विद्यालयों में फुटबॉल क्लब गठित कर हर हॉस्टल में टीमों का गठन कर उन्हें सक्रिय करें तथा उन छात्रों को ही टीमों में शामिल करें जिनके फुटबॉल खेल में रुचि हो इसके साथ यह ध्यान रखा जाए कि अन्य खेलों को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में कमिश्नर ने खेल विभाग से दी जाने वाली सुविधाओं चलाए जाने वाली गतिविधियों कार्य प्रणालियों की भी जानकारी ली तथा वहां से उपलब्ध कराए जाने वाले खेल किट सामग्री व फुटबॉल के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने संभाग में चार्ट बनाकर पूरे टूर्नामेंट की तिथियां निर्धारित करने और जहां फुटबॉल टूर्नामेंट नहीं हुए उन स्थानों पर टूर्नामेंट प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। बैठक में संभागायुक्त ने खेल विभाग के प्रभारी अनूपपुर एवं उमरिया के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षको से भी दूरभाष पर चर्चा कर उन्हें सक्रियता बरतने एवं टूर्नामेंट खेल को गति देने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 15 अगस्त तक सभी विद्यालयों छात्रावासों आदि में फुटबॉल की टीम का गठन कर खेल प्रारंभ कराए जाएं तथा फुटबॉल क्रांति को हर स्कूल हर मैदान व हर बच्चों तक पहुंचाए जाएं।

गुरुवरों व वरिष्ठ जनों का किया सम्मान, भव्यता से मनाई गुरु पूर्णिमा

नरसिंहपुर

श्री नर्मदा गणेश मंडल के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माझी समाज सहित सर्व समाज की सहभागिता से भव्यता से गुरुपूर्णिमा पर्व का आयोजन शंकर वार्ड,नरसिंहपुर में किया गया ।

इस अवसर पर भगवान श्री गणेश,मां नर्मदा सहित गुहराज निषाद राज जी का पूजन अर्चन कर मनुष्य के जीवन में गुरु के महत्व व गुरु पूर्णिमा उत्सव के सम्बंध में पुरुषोत्तम कश्यप,अमर नोरिया, सोहन रैकवार, चतुर्भुज कश्यप व अन्य उपस्थित जनों ने अपने विचार व्यक्त किये । आयोजन में अतिथि के रूप में आमंत्रित श्री एच एल मेहरा,श्री एल एल श्रीवास्तव व डॉ श्री अशोक उदेनिया शिक्षक को तिलक लगा पगड़ी बांधकर गुरु सम्मान से सम्मानित किया व अन्य सामाजिक वरिष्ठजनों का पगड़ी बांधकर सम्मान किया व बच्चों को मेडल प्रदान किये गये । आयोजन के दौरान नरसिंह व्यायाम शाला के सदस्यों द्वारा अखाड़े का प्रदर्शन शंकर वार्ड से होकर नगर के प्रमुख मार्गों पर किया गया । कार्यक्रम का मंचीय संचालन नरेश कश्यप ने किया कार्यक्रम में विशेष रूप से दशरथ कश्यप, मुन्नू कश्यप, बुट्टन कहार, कौदुलाल कश्यप, गुंटई कश्यप, उदयराम कश्यप, नीलू कश्यप, गौरी कश्यप, शिवकुमार कहार शिव व्यायाम शाला स्टेशन,हिमांशु कश्यप, कैलाश साहू टेंट हाउस,दीपक साहू,मुकेश कहार, महेश कहार सहित अन्य लोग विषय रूप से उपस्थित रहे।